# अनदेखी : 3 माह में 30 फीसदी भी नहीं बन पाई अंडरब्रिज की सड़क

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 6 दिसंबर. गंज अंडरब्रिज की सड़क रेनोवेशन का कार्य धीमी गति से चल रहा है। वन साइड सड़क निर्माण से पूरा ट्रॉफिक दूसरी लेन पर शिफ्ट हो गया है, जिसके कारण यहां रोजाना जाम की स्थिति बन रही है।**

**ओवरब्रिज पर ट्रॉफिक शिफ्ट होने से लग रहा जाम**

**रोजाना परेशान हो रहे वाहन चालक**

ऊपर से दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी प्रबल हो गई है। बताया जा रहा है कि मध्य रेल के नागपुर मंडल अंतर्गत बैतूल उपमंडल के अधीन बैतूल-मरामझिरी सेक्शन से किलोमीटर 850/36-40 में विजय भवन के पास रोड अंडरब्रिज बना हुआ है। रेलवे द्वारा अंडरब्रिज के दोनों साइड सड़क पर फ्लोरिंग और डेनेज का कार्य किया जा रहा है। जिसमें अंडरब्रिज के दोनों ओर की तीनों सड़कों की खुदाई करके नई सड़क और ड्रेनेज का कार्य भी किया जाना है। लेकिन कार्य की गति बेहद धीमी होने से वाहन चालक परेशान है। हालात यह है कि उक्त कार्य शुरू होने को लगभग 3 माह का समय हो गया है। लेकिन अभी तक 30 फीसदी भी कार्य पूरा नहीं हो पाया है। जिसके कारण वाहन चालक परेशान है और वाहन चालकों में नाराजगी देखी जा रही है।



**मंडी से मक्का रेलवे गोदाम तक लाने परेशानी :** गंज अंडरब्रिज बडोरा को गंज क्षेत्र से सीधे जोड़ता है। वर्तमान में बडोरा मंडी में मक्का की बंपर आवक हो रही है। मंडी से मक्का रेलवे माल गोदाम ले जाना पड़ता है, लेकिन भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होने से वाहन चालकों को लगभग तीन किलोमीटर का फेरा लगाना पड़ रहा है। कुछ वाहन चालक अंडरब्रिज से ही भारी वाहन ले जा रहे है। वहीं अधिकतर भारी वाहन और यात्री बसे कारगिल चौक, गेंदा चौक से सदर ओवरब्रिज से ही आना-जाना कर रही है। जिससे गंदा चौक सदर ओवरब्रिज और माचना ब्रिज पर दिन में कई बार जाम की स्थिति बन रही है। बावजूद इसके ठेकेदार से कार्य में तेजी लाने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। जिससे वाहन चालकों के साथ ही आम नागरिक भी परेशान हो रहे है। लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है।

**तीन बार जारी हो गए नो एंट्री के आदेश :** मध्य रेल बैतूल के सहायक मंडल इंजीनियर कार्यालय से गंज अंडरब्रिज से भारी वाहनों की नो एंट्री के तीन आदेश जारी हो चुके है। तीनों में एक-एक माह के लिए गंज अंडरब्रिज से भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए है। पहला आदेश 24 सितम्बर तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई थी। 26 अक्टूबर के पहले दूसरा आदेश जारी किया गया, जिसमें 27 अक्टूबर से 26 नवम्बर तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया। 26 नवम्बर के पूर्व तीसरा आदेश आया है जिसमें 27 नवम्बर से 26 दिसम्बर तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई।

> अच्छे कार्य को थोड़ा समय लगता है। गंज अंडरब्रिज में सड़क निर्माण कितने समय में पूरा करना है, इस संबंध में मुझे जानकारी नहीं है। मैं एडीईएन से चर्चा करता हूं। सड़क निर्माण शीघ्र पूरा करने के लिए कहा जायेगा, ताकि वाहन चालकों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।
>
> **- अमोल गेहूंकर,** पीआरओ, रेलवे मंडल नागपुर

### तीन किलोमीटर का लगाना पड़ रहा फेरा

अंडरब्रिज में सड़क निर्माण के कारण भारी वाहनों और यात्री बसों को करीब तीन किमी का फेरा लगाकर आना-जाना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बडोरा से आने वाले वाहनों को ओवरब्रिज से होकर गेंदा चौक से कारगिल चौक होते हुए गंज पहुंचना पड़ रहा है। इस दौरान लगभग 3 किलोमीटर का फेरा लगाना पड़ रहा है। गेंदा चौक पर टर्निंग होने से यहां तीनों दिशाओं से आने वाले वाहन आमने-सामने खड़े हो जाते है। जिससे बार-बार जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस जाम में कई बार यात्री बसे और स्कूल बसों के अलावा एंबुलेंस के भी फंसने की स्थिति बनती है।

### ओवरब्रिज पर ट्रॉफिक शिफ्ट होने से लग रहा जाम

शहर के गंज से बडोरा क्षेत्र को जोड़ने वाले मार्ग पर रेलवे अंडरबिज की सड़क के रेनोवेशन का कार्य चल रहा है। जिसके चलते अंडरब्रिज से आने-जाने वाले भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी। अंडरब्रिज से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगने से पूरा ट्रॉफिक ओवरब्रिज पर शिफ्ट हो गया है। भारी वाहनों के ओवरब्रिज से जाने के कारण सदर क्षेत्र में रोजाना जाम लग रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी वाहन चालकों को बडोरा चौक ओवरब्रिज के पास उठानी पड़ रही है। यहां बार-बार जाम लग रहा है। यहीं स्थिति ओवरब्रिज सदर गेंदा चौक के पास भी है। यहां भी ट्रॉफिक जाम से वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग रही है।

## एक नजर में

### बेटे की हत्या से पीड़ित परिवार को भेंट की सहायता राशि

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम खरसाली के आदिवासी परिवार के पुत्र आदित्य टेकाम की आपसी विवाद में चाकू मारकर हत्या की गई थी। शनिवार 6 दिसंबर डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर समाज सेवी जनार्दन जेडी पाटिल ग्राम खरसाली पहुंचकर आदित्य टेकाम के परिजनों से मिले एवं उनके परिवार को आर्थिक सहायता राशि भेट की। जेडी पाटिल ने शासन प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों के साथियों से मांग की है कि गरीब परिवार की आर्थिक मदद की जाए,जिससे दो बच्चियों की शिक्षा का खर्च एवं जीवन जीने के लिए रोटी कपड़ा और मकान की पूर्ति की जा सके।

### उपाध्यक्ष बने एडवोकेट टीके चौधरी

**मुलताई।** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच ने नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता टीके चौधरी को अधिवक्ता हित के प्रति समर्पण भावना,निष्ठा और लगन को देखते हुए अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। अधिवक्ता टीके चौधरी गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता भी हैं और जिला समन्वय समिति गायत्री परिवार के नशा मुक्त अभियान के प्रभारी है जो गायत्री परिवार के कार्यों को गति देने में निरंतर अपनी सेवाएं देते रहते है। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच द्वारा टीके चौधरी अधिवक्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी यादोराव निंबालकर, तहसील समन्वयक नारायण देशमुख सहित गायत्री परिवार के सदस्यों ने चौधरीजी को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**बैतूल।** अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ.अम्बेडकर का अम्बेडकर चौक पर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस मौके पर सुखराम पंडाग्रे ने कहा कि अर्थशास्त्र, संविधान शिल्पी, आधुनिक भारत की नींव रखने वाले कानूनविद, आजाद भारत के पहले कानून मंत्री डॉ.भीमराव आंबेडकर जिन्हें पूरी दुनिया सम्मान के साथ बाबा साहब के नाम से पुकारती है।

## पहले भाजपा पार्षद और भाजपा नेता करें राशि जमा : मो. इलियास

**सारनी। जल आवर्धन योजना की राशी चार हजार भाजपा नेता एवं पार्षदो ने आज तक जमा नहीं की है। नपा अध्यक्ष पहले अपने नेताओं एवं पार्षदो से राशि जमा करने का फरमान जारी करे।**

**कांग्रेस की छठवें दिन भी जारी रही भूख हड़ताल**

**वार्ड 27 की महिलाओं ने संभाला मोर्चा**



उपरोक्त उदगार पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मोहम्मद इलियास ने व्यक्त किए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कमेटी के बैनर तले छटवे दिन भी क्रमिक भूख हडताल जारी रही। शनिवार को वार्ड क्रमांक 27 की महिलाओ ने धरना स्थल पर मोर्चा संभाल लिया है। वहीं दूसरी तरफ नपा प्रशासन ने जल आवर्धन योजना के अंतर्गत नल कनेक्शन के 4000 रुपये जमा नहीं करने वाले हितग्राहियों को नोटिस भेजनें का सिलसिला तेज कर दिया है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्य वाहक अध्यक्ष विक्की सिंह ने कहा कि नपा के नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य कांग्रेसी नेताओं को जमानत मिलने के बाद मीटिंग लेकर आंदोलन को गति देने के लिए चर्चा की है, उन्होंने कहा कि जलावर्धन की राशि 4000 के विरोध में वार्ड की जनता कांग्रेस के आंदोलन को भरपूर समर्थन दे रही है, परन्तु शासन और प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई जिससे लोगों में भारी आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता एवं भाजपा पार्षदो ने जल आवर्धन की राशी आज तक जमा नहीं की है। ऐसे मे जनता से वसुली पूरी तरह बेमानी है। कांग्रेस के पार्षद मोहम्मद ताहिर, महेंद्र भारती एवं पंचू खान ने कहा कि नगरपालिका 4000 रुपये माफ करने की दिशा मे चुप्पी साधे है.कांग्रेस अपने मुद्दों से पीछे नहीं हटेगी और लगातार आंदोलन को रोजाना तेज करेगी।

## घर-घर जाकर सम्मेलन के लिए कर रहे जागरूक

**मुलताई।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ आगामी समय में हिन्दू सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है।जिसके चलते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको द्वारा गृह संपर्क अभियान चलाया ज रहा है। संघ के सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर हिंदू सम्मेलन सहित पंच परिवर्तन के तत्व सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक शिष्टाचार से अवगत कराया जा रहा है।समाज के प्रत्येक व्यक्ति से ग्रह संपर्क अभियान के तहत इन पहलुओं पर विस्तार से चर्चा कर समाज परिवर्तन का प्रयास किया जा रहा है। संघ की



दृष्टि से मुलताई जिले के मासोद खंड के मंडल मासोद, घाटअमरावती, इटावा, हिवररखेड़, प्रभात पट्टन, थाना साईखेड़ा, बिरूल बाजार, छिंदखेड़ा, खेड़ीकोर्ट एवं रायआमला सहित 125 गांव में संघ के शताब्दी वर्ष पर व्यापक गृह संपर्क स्वयंसेवकों द्वारा किया जा रहा है,जिसका मुख्य उद्देश्य व्यक्ति समाज और संगठन में सकारात्मक तथा समग्र परिवर्तन लाना है। इस दौरान संघ की टोली द्वारा संघ परिचय पत्रक, संघ साहित्य स्टिकर और भारत माता का चित्र लेकर कार्यकर्ता द्वारा घर-घर पहुंचकर संपर्क कर रहे है।

## ड्रीमलैंड सिटी में कचरा वाहन नहीं आने से रहवासी हो रहे परेशान

**मुलताई।** बैतूल रोड पर स्थित ड्रीमलेंड सिटी में कचरा वाहन नहीं पहुंचने से कालोनी के रहवासी परेशान है। रहवासियों ने बताया दो दिन से ड्रीमलैंड सिटी में नपा का कचरा वाहन नहीं आया है। रहवासियों को कचरा इधर-उधर फेंकना पड़ रहा है।बीते एक माह में यह तीसरी बार हुआ है जब दो दो,तीन दिन तक कचरा वाहन कॉलोनी में नहीं आता है। रहवासियों ने नगर पालिका के स्वच्छता शाखा प्रभारी उपयंत्री महेश त्रिवेदी को मोबाइल पर कॉल करके जानकारी दी तो उन्होंने कहा अभी कचरा वाहन भिजवाता हूं। पूरा शनिवार का दिन निकल गया लेकिन कचरा वाहन कॉलोनी में नहीं आया। रहवासियों ने बताया इसके पूर्व में जब जब कचरा वाहन नहीं आया था तो मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी शिकायत की थी। उसके बाद भी हालत नहीं सुधार पाए।ड्रीमलैंड सिटी वासी मकान बनाने के लिए नगर पालिका से भारी भरकम राशि जमा कर भवन निर्माण की अनुमति लेते हैं और टैक्स भी जमा करते हैं।लेकिन नगर पालिका के स्वच्छता शाखा प्रभारी कचरा वाहन भेजने में लापरवाह बने हुए हैं। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि समस्या का निराकरण नहीं होने पर कॉलोनी के घरों से निकलने वाला कचरा एकत्रित कर नपा अधिकारी के घर के सामने जमा कर दिया जाएगा।

## बाबासाहेब अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**सारनी।** भाजपा कार्यालय में शनिवार को नपा अध्यक्ष किशोर बरदे, मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत, पूर्व महामंत्री अनिल बतरा की उपस्थित में बाबा साहेब अंबेडकर की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। नपा अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि 6 दिसंबर को बाबा साहेब अंबेडकर जी का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जाता है, जो भारत के संविधान के जनक और महान समाज सुधारक डॉ. बीआर आंबेडकर के निधन का दिन है, जिन्होंने दलितों व शोषितों के उत्थान और सामाजिक समानता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था यह दिन उनके योगदान, विशेषकर भारतीय संविधान के निर्माण और न्यायपूर्ण समाज के सपने को याद करने और श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महापरिनिर्वाण दिवस का महत्व बौद्ध परंपरा महापरिनिर्वाण शब्द गौतम बुद्ध की मृत्यु से जुड़ा है, डॉ. आंबेडकर जी ने बौद्ध धर्म अपनाकर इसे मुक्ति और सामाजिक समानता के मार्ग के रूप में देखा, इसलिए उनके निधन को भी महापरिनिर्वाण कहा जाता है। मंडल अध्यक्ष योगेश बरडे ने कहा कि बाबा साहेब ने भारत के संविधान का निर्माण किया।




## एनएसएस ने मनाई डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि

**पाथाखेड़ा।** वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु सिंह उईके शासकीय महाविद्यालय सारनी में एनएसएस द्वारा डॉ. अम्बेडकर पुण्यतिथि कार्यक्रम संपन्न हुआ। सारनी में राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स) इकाई द्वारा भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों, उनके सामाजिक योगदान और समतामूलक समाज के निर्माण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप पन्द्रम ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनके विचार आज भी देश के युवाओं के लिए दिशा प्रदर्शक हैं। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा संवैधानिक मूल्यों पर भाषण और विचार प्रस्तुति का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। विद्यार्थियों ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन, संघर्ष और सामाजिक सुधारों से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें साझा कर वातावरण को प्रेरणादायक बना दिया।

## आरोप : जंगल सफारी के नाम पर्यटकों से लूट

**सारनी।** विद्युत नगरी से 50 किलोमीटर दूरी पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व फोर्स के द्वारा चुरना के जंगल में जंगली जानवरो को दिखाने के लिए जंगल सफारी कराई जाती है। चुरना के जंगल में रोजाना एक सैकड़ा के आसपास पर्यटक पंहुचते है। जंगल सफारी के नाम पर रोजाना हजारों रूपये वसुले जा रहे है। जंगल सफारी जाने वाले पर्यटको को प्रत्येक व्यक्ति 1200 रूपये चार्ज जमा करना पडता है। जंगल सफारी से जुड़े कर्मचारी पर्यटको को टाइगर के द्वारा जंगली जानवरों को किल यानी शिकार करने की जानकारी दी जाती है। टाइगर के मोमेंट की जानकारी मौके पर सही नहीं मिलती है। चुरना के जंगल में जंगल सफारी में टाइगर किसी को देखने को नहीं मिला है। सफारी के दौरान केवल बायसन, रीछ, मोर, सांभर दिखाई देते है। जंगल सफारी के लिए पहले काउंटर पर रजिस्टेशन करना पडता है। धपाडा के पास एसटीएफ ने बेरियर बनाकर रखा है। बेरियर पर जंगल सफारी के लिए करीबन एक दर्जन वाहन खडे रहते है। सारनी स्त्रह्य शकील खान, शमीम रिजवी एवं नोशे खान ने कहा कि दूसरी बार जंगल सफारी पर चूरना के जंगल गए थे। दोनों ही बार टाइगर देखने नहीं मिला है।



## भावांतर भुगतान की समीक्षा में कलेक्टर ने पकड़ी अनियमितता

**बैतूल।** जिले में भावांतर भुगतान योजना का क्रियान्वयन शासन की मंशानुरूप सुनिश्चित किया जा रहा है। गुरुवार को बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने योजना में पंजीयन सत्यापन की विस्तृत समीक्षा की, जिसमें गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। समीक्षा में पाया गया कि प्राथमिक सहकारी समिति भैंसदेही और चिल्कापुर में बिना सिकमी (बटाई/ठेका) के पंजीयन कराया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर इस गड़बड़ी में शामिल चार व्यक्तियों पर आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जिले की निर्धारित 56 समितियों की समीक्षा के दौरान दो समितियों में गड़बड़ी पाई गई। कलेक्टर ने तत्काल एसडीएम भैंसदेही और तहसीलदार भीमपुर को जांच सौंपकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जांच में सामने आया कि ग्राम बांटलाकलां (भैंसदेही) निवासी कृतिका धाड़से, रहियटदादु (चिचोली) निवासी भावेश धाड़से और मीनाक्षी धाड़से,इन तीनों ने बिना सिकमी पंजीयन कराया था। वहीं ग्राम जामझीरी (भैंसदेही) निवासी सहादेव मकोड़े द्वारा योजना शुरू होने से पहले नियमविरुद्ध पंजीयन कराया गया। वास्तविक भूमि स्वामियों ने स्पष्ट बताया कि वे स्वयं अपनी भूमि पर खेती कर रहे हैं और किसी को ठेका या बटाई पर भूमि नहीं दी है। इससे यह प्रमाणित हुआ कि योजना का लाभ गैरकानूनी ढंग से लेने की मंशा से पंजीयन कराया गया था। कलेक्टर की सजगता और तत्परता से शासन को आर्थिक नुकसान होने से बचा लिया गया। उन्होंन न केवल चारों व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल पुलिस अधीक्षक से चर्चा कर एफआईआर करवाई बल्कि चारों के भुगतान पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पंजीयन सत्यापन में लापरवाही पाए जाने पर तहसीलदार भीमपुर और नायब तहसीलदार झल्लार को नोटिस जारी कर जवाब-तलब भी किया हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी ज्वार खरीदी में कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की माइक्रो मॉनिटरिंग से शासन को 26 करोड़ रुपये से अधिक के संभावित आर्थिक नुकसान से बच गया। समर्थन मूल्य पर ज्वार खरीदी के दौरान जिले में अनुचित लाभ लेने की मंशा से लगभग 1043 अवैध पंजीयन कराए गए थे।

**बिना सिकमी पंजीयन कराने वालों पर एफआईआर**

**ज्वार पंजीयन में भी सामने आई थी गड़बड़ी**

**कार्यक्रम** मेधावी बालक और बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि के चेक किए वितरित

## मप्र होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस पर आयोजन

**बैतूल।** होमगार्ड बैतूल द्वारा मध्य प्रदेश होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस 6 दिसंबर को पूरे सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर होमगार्ड लाइन सोनाघाटी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, एयर फोर्स स्टेशन आमला ग्रुप कैप्टन सजीव सहित अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, अतिरिक्त, दिनेश कुमार मर्सकोले उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आगमन पर परेड कमांडर एएसआई बीरनसिह कुशराम द्वारा सलामी दी गई। सलामी पश्चात परेड कमांडर द्वारा परेड की रिपोर्ट दी जाकर मुख्य अतिथि से परेड का निरीक्षण करवाया गया। इसके बाद परेड द्वारा मार्च पास्ट किया गया। परेड में 2 प्लाटून और 2 सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स लगाए गए। परेड कमांडर एएसआई श्री बीरनसिह कुशराम, प्रथम प्लाटून के कमाण्डर श्री अवधेश वर्मा हवलदार स्टोरमैन, द्वितीय प्लाटून के कमांडर सै.क्र.167 नायक श्री दिलीप पवार एवं तृतीय प्लाटून के कमांडर सुश्री अंजलि नागोरी सिविल डिफेंस वालंटियर, चतुर्थ प्लाटून के कमांडर इश्तियाक अली सिविल डिफेंस वालंटियर थे। होमगार्ड के मधुर बैंड की धुन पर परेड द्वारा मार्च पास्ट किया गया। बैंड का नेतृत्व सै.क्र. 72 संतोष द्वारा किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार ने कहा कि होमगार्ड जवानों की देश और समाज की सेवा में निभाई गई भूमिका अमूल्य है। उन्होंने कहा कि आपके योगदान के कारण ही देश और समाज सुरक्षित हैं। आपके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने होमगार्ड के द्वारा पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिला कर कानून व्यवस्था बनाने, किसी भी प्रकार की आपदा एवं कठिन परिस्थितियों में सक्षमता से कर्तव्यों को पूरा करने की सराहना की और होमगार्ड विभाग के सभी स्थापना दिवस की बधाई दी।



### गृहमंत्री के संदेश का किया वाचन

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार ने होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भेजे गये संदेश का वाचन किया। जिसमें सभी महानुभाव, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवियों के द्वारा स्वयं सेवा से परिपूर्ण होकर निष्काम भाव से देश के आंतरिक सुरक्षा एवं आपदा के दौरान सेवाएं देने के लिए शुभकामनाएं दी गईं। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों ने विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयंसेवकों द्वारा वर्ष के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। वहीं मेधावी बालक और बालिकाओं को विभाग द्वारा प्रदान प्रोत्साहन राशि के चेक भी वितरित किए गए।

## गौशाला संचालक अम्मा जी को भेट किए कंबल

**सारनी।** वार्ड 10 दमुआ रोड़ स्थित अम्मा की गौशाला की संचालक अम्मा जी को समिति ने गर्म कपडे एवं कंबल भेट किए। इस मौके पर समिति ने गौशाला के विस्तारिय करण को लेकर चर्चा की। गौ शाला समिति के सचिव जगदीश आहुजा का जन्म दिवस सादगी से मनाया गया। अम्मा की गौशाला के विधिवत रुप से संचालन के लिए गठित की गई समिति के पदाधिकारी हर संभव अम्मा की गौशाला के लिए गायों के लिए घास-भूसा रखरखाव और गायों की सुरक्षा को लेकर सजग होकर कार्य करने की योजना पर चर्चा की गई। सनद रहे कि विगत दिनों अम्मा की गौशाला में तेदुआ द्वारा गाय के बछडे का शिकार कर लिया गया था। इस उद्देश्य से गौशाला के चारो तरफ बाउंड्रीबल निर्माण की मांग नगर पालिका से की गई। अम्मा द्वारा लंबे समय से गौशाला का संचालन किया जा रहा है। अम्मा जी गौशाला पहुंचे लोगों ने एक स्वर में कहा की गौशाला का विस्तारीय करण के लिए हर स्तर का वार्ता की जा रही है, ताकि गौशाला में गौ माता की पर्याप्त व्यवस्था की जा सके। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, अम्मा गौ शाला समिति के उपाध्यक्ष राहुल कापसे, सहकोषाध्यक्ष दिनेश साबले, गौ सेवक विनय मदने, जसविंदर सिंह, मनीष धोटे मुकेश उपराले अमर सिंह राणा सुनील मौखेडे मनोहर विश्वकर्मा रामनाथ यादव दिनेश यादव प्रवीण सोनी सुनील पाटील निलेश राजवंशी सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

